जोगन कर रही रस्ता साफ़ आज मेरे मैया आवेगी

जोगन कर रही रस्ता साफ़ आज मेरे मैया आवेगी,
मैया आवेगी आज मेरे मैया आवेगी,
जोगन कर रही रस्ता साफ़ आज मेरे मैया आवेगी.....

जब मेरी मैया आवेगी मैं कहां बैठाऊगी,
चंदन की चौकी पर बैठाऊ चरण धूलाऊंगी,
जोगन कर रही रस्ता साफ़ आज मेरे मैया आवेगी.....

जब मैया को भूख लगेगी क्या मैं खिलाऊंगी,
हलवा पूड़ी और छोले संग मेवा खिलाऊंगी,
जोगन कर रही रस्ता साफ़ आज मेरे मैया आवेगी.....

जब मैया को प्यास लगेगी क्या मैं पिलाऊंगी,
मीठा शरबत लस्सी के संग पेप्सी पिलाऊंगी,
जोगन कर रही रस्ता साफ़ आज मेरे मैया आवेगी.....

जब मैया को गर्मी लगेगी कहां मैं बिठाऊगी,
अमवा की डाली पर झूला डलाऊं उस पर झूलाऊंगी,
जोगन कर रही रस्ता साफ़ आज मेरे मैया आवेगी.....

जब मैया को नींद लगेगी कहां मैं सुलाऊगी,
अपने हाथों से पंखा चालू चरण दबाऊँगी,
जोगन कर रही रस्ता साफ़ आज मेरे मैया आवेगी.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26896/title/jogan-kar-rahi-rasta-saaf-aaj-mere-mayia-aavegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |